प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश दौरे के दूसरे दिन आज हमीरपुर, फतेहपुर और बाराबंकी में चुनावी रैलियों को किया संबोधित।
2. लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में सभी दलों ने प्रचार किया तेज : रायबरेली में सोनिया गांधी और अमित शाह, अमेठी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव, बलिया में राजनाथ सिंह और प्रतापगढ़ में मायावती ने की जनसभा।
3. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिये नाम वापसी की अंतिम तारीख आज हुई समाप्त : मिर्जापुर और चंदौली सीट पर दस–दस प्रत्याशी तथा गोरखपुर सीट पर 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में।

और

4. लखनऊ में आज खेले गये अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ जूनियर 30 के डबल्स के फाइनल मैच : यूपीटीए के अध्यक्ष और प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने विजेताओं को दिये पुरस्कार।

—————————

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिए प्रदेश में प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रोड–शो और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री

और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज हमीरपुर, फतेहपुर और बाराबंकी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने हमीरपुर में कहा कि विपक्षी दल संविधान की अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा–एनडीए का माहौल है। श्री मोदी ने बाराबंकी की रैली में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब बंगाल में शरण ले चुकी है और उनका राजनीतिक गठबंधन सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए है। फतेहपुर में श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास–सबका प्रयास के मंत्र पर चलती है। बाइट.......

*भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास इस पवित्र मंत्र पर चलती है मुफ्त अनाज हो, मुफ्त इलाज हो, पक्का घर हो, गैस का सिलेंडर हो या जल से जल हो, ये बिना भेदभाव सबको दिया जाता है।*

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी, बलरामपुर और अयोध्या में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने आरोप लगाया कि गठबंधन के लोग गरीबों को आटा और डाटा देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन अपनी सरकार के समय उन्होंने गरीबों के राशन और रोजगार पर डकैती डाली थी। उन्होंने कहा कि इस पीढ़ी का सौभाग्य है कि अयोध्या में भव्य राम

मंदिर बना, पहले की सरकारें केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती थीं। उन्होंने विपक्ष पर समाज को जाति के नाम पर लड़ाने और संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया।

केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रायबरेली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी अलाएंस परिवारवादी गठबंधन है, यह लोग सिर्फ अपने परिवार के बारे में साचते हैं। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम करने का काम योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है।

केन्द्रीय रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आज बलिया और देवरिया में पार्टी प्रत्याशियों के लिये वोट मांगे।

श्री सिंह ने वादा किया कि केन्द्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करंगे। यह हमारा वादा है क्योंकि यह भारत के संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में शामिल है। विश्व कल्याण के लिये भाजपा भारत को महाशक्ति बनाना चाहती है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह दोनों पार्टियां लुप्त हो जायेंगी।

रायबरेली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभा की। जनसभा में सोनिया गांधी ने कहा कि

रायबरेली से गांधी परिवार का सौ साल पुराना रिश्ता है। उन्होंने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि रायबरेली को वह अपना बेटा सौंप रही हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले दस वषों में सरकार ने देश के किसानों, महिलाआं और गरीबों की पुकार नहीं सुनी है, जनता अब बदलाव चाहती है।

इससे पहले राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अमेठी में संयुक्त जनसभा कर इंडिया गंठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की। राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा सरकार सत्ता

राहुल गांधी ने कहा कि पिछले दस वषां में युवाओं को रोजगार के लिये भटकना पड़ा है। सरकार ने किसानों और युवाओं के लिये कुछ नहीं किया है। बाइट........

*अमेठी में लाखों युवा है जिनको नरेन्द्र मोदी ने बेरोजगार बनाय। नोटबंदी की, गलत जीएसटी की, ये आप का अपमान है हम अमेठी के युवाओं को हिन्दुस्तान के युवाओं को एक अधिकार देने जा रहे है पहली नौकरी पक्की का अधिकार।*

अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने जानबूझकर पेपर लीक कराए, जिससे युवाओं को रोजगार ना देना पड़े। सपा प्रमुख ने शाम को लखनऊ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतापगढ़ में आज जनसभा के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि

जनता के पैसे स ही गरीबों को राशन दिया गया ह, इसलिये अब लोग इस प्रलोभन में नहीं फंसेंगे।

——————————

सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने आज भाजपा की सदस्यता ले ली। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज रायबरेली में उन्हें पार्टी में शामिल कराया। मनोज पांडेय 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के अमर पाल मौर्य को हराकर सपा से विधायक बने थे। इससे पहले उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे को दो बार हराया था।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

**लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। इसमें देश की चर्चित सीटों में शामिल लखनऊ लोकसभा सीट भी शामिल है। पिछले आठ चुनावों से इस सीट पर जीत हासिल कर रही भाजपा ने इस बार वर्तमान सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर सपा ने लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा को मैदान में उतारा है। वहीं बहुजन समाज पार्टी न सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा इस सीट पर सात अन्य प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।**

*संसदीय क्षेत्र में कुल 39 लाख 33 हजार 17 मतदाता हैं। लखनऊ सीट पर छह बार कांग्रेस और आठ बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। इस हाई प्रोफाइल सीट से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित पहली सांसद बनी थीं। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायजेपी लखनऊ सीट से पांच बार सांसद रहे। 2019 में इस सीट से भाजपा के राजनाथ सिंह सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा को हराकर सासंद बने थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को हराया था। इस चुनाव में राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। वहीं इंडिया गठबंधन से सपा के रविदास मेहरोत्रा और बसपा से सरवर मलिक उनको चुनौती दे रहे हैं। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया है। शशांक त्रिवेदी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नाम वापसी की अंतिम तारीख आज समाप्त हो गई। नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को आज चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये। कुशीनगर संसदीय सीट पर आज एक निर्दल प्रत्याशी उत्कृष्ट मौर्य ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इस लोकसभा सीट पर 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं। घोसी लोकसभा सीट पर आज एक निर्दलीय उम्मीदवार चंदन चौहान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इस सीट पर 28 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। महराजगंज, मिर्जापुर, गोरखपुर और चंदौली सीट पर आज किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद मिर्जापुर और चंदौली सीट पर दस–दस प्रत्याशी, गोरखपुर सीट पर 13 प्रत्याशी और महराजगंज सीट पर आठ प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा।

———————

उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ जूनियर 30 के बालिका वर्ग डबल्स का फाइनल मैच आज लखनऊ में

खेला गया। मैच में महिका खन्ना और लक्ष्मी सीरी डांडू की जोड़ी ने ऐश्वर्या जाधव और आकृति की जोड़ी को 6–2 , 7–5 से सीधे सेटों में पराजित किया। वहीं बालक वर्ग डबल्स में ओजस महलावत और अधिराज ठाकुर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आदित्य मोर और प्रनील शर्मा को 7–5 , 6–2 से सीधे सेटों में पराजित किया। विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने पुरस्कार दिए। इस मौके पर श्री सहगल ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने क लिए यूपीटीए लगातार प्रयासरत है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने का और जो हमारी खेल प्रतिभाएं हैं उनको कम्पटीशन का मौका देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है ये वर्ल्ड टेनिस जो हमारी फेडरेशन है उसका यहां हमने ऑर्गेनाइज किया हुआ है ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से और इसमें लगभग दो सौ बच्चे भाग ले रहे हैं और उसमें तीन बच्चे विदेश से भी आए थे। अमेरिका, यूक्रेन और नेपाल से और ग्यारह तारीख से इसका जो है फार्मल राउंड शुरू हुआ हुआ है और जिसका आज और कल दो दिन इसका समापन है मुख्य उद्देश्य ये है की जो हमारे यहाँ प्रतिभाएं हैं उनको आपस में खेलने का मौका मिले और जो विदेशी प्रतिभाएं है उनके साथ कम्पीट करने का मौका मिले तो उनकी जो प्रतिभा है उसको निखारने का अवसर मिलेगा उस मकसद से ये टूर्नामेंट आयोजित किया गया है।*

———————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बीस मई को कैसरगंज सीट पर होने वाले मतदान को देखते हुए आज शाम पांच बजे से बीस मई को मतदान समाप्ति तक के लिए बहराइच जनपद से लगने वाली भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी

मोनिका रानी ने बताया कि इस अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी करने के लिए एसएसबी कमाण्डेंट या उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को अधिकृत किया गया है।

(समाप्त)